बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 973 /अकादमी/संबंद्धता/2021

भोपाल, दिनांक 23-8-2021

संशोधित अधिसूचना

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 824-825/अकादमी/संबद्धता/2021 दिनांक 30.07.2021 में आंशिक संशोधन करते हुए अखिल भारतीय तकीनीकी शिक्षा परिषद से सत्र 2021-22 में एम.बी.ए. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा निरंतरता हेतु अनुमति प्राप्त करने वाले महाविद्यालयों के लिए शुल्क सहित सम्बद्धता आवेदन आनलाईन जमा करने हेतु अंतिम तिथि 25.08.2021 निर्धारित की जाती है।

NOTE :-

1. विद्या परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 05.08.2019 के निर्णयानुसार निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात आवेदनों पर 50% अधिभार लिया जावेगा। समस्त मूल शुल्क पर 18% GST अतिरिक्त देय होगा।
2. महाविद्यालय को MP-Online के माध्यम से आवेदन करने की अंतिम तिथि पश्चात, पांच दिवस के अन्दर संपूर्ण आवेदन पत्र (Part-A) मय संलग्नकों प्रस्तुत दस्तावेजों को तालिकानुसार फ्लेग के साथ प्राचार्य /संस्था के सचिव से अनिवार्य रूप से सत्यापित करवाकर महाविद्यालय की सील सहित अकादमी कक्ष में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. नवीन आवेदित महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश तभी दिया जावे जब कि महाविद्यालय विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त की हो। किसी भी महाविद्यालय के द्वारा विश्वविद्यालय की संबद्धता प्राप्त किये बगैर विद्यार्थियों को प्रवेश देता है तो इसकी संपूर्ण जबाबदारी संबंधित महाविद्यालय /संस्था की होगी। विश्वविद्यालय की कोई जबाबदारी नहीं होगी। ऐसे दोषी पाये गये महाविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों की संबद्धता रद्द करने की कार्यवाही की जावेगी। आनलाईन आवेदन नहीं करने पर अस्थाई संबद्धता/स्थाई संबद्धता/नवीनीकरण/सीट संख्या में वृद्धि प्रकरण पर कार्यवाही नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जबाबदारी संबंधित महाविद्यालय/संस्था प्रमुख की होगी।
4. महाविद्यालयों से प्राप्त किया जाने वाली शुल्क पूर्व बकाया शुल्क का विवरण लेखा www.bubhopal.ac.in पर प्रदर्शित किया गया है। शुल्क संबधी पत्रों का महाविद्यालयों द्वारा प्रतिक्षा नहीं की जावे, एवं समय सीमा का ध्यान रखे।
5. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पारम्परिक एवं विधि (लॉ) पाठ्यक्रमों के लिये जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र / निरंतरता आदेश के पश्चात 07 दिवस के अंदर संबंधित विश्वविद्यालय में निरंतरता / संबद्धता हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा।

उप कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्र. 974/अकादमी/संबद्धता/2021

भोपाल, दिनांक 23-8-2021

प्रतिलिपि :

1–बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से संबद्ध समस्त अशा. महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
2–राज्यपाल के अवर सचित राजभवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 –अवर सचिव उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4– संचालक तकनीकी शिक्षा संचालनालय श्यामला हिल्स भोपाल
5– कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सचिव/सहायक के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित
6–वेबसाईट प्रभारी, की ओर सूचनार्थ कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
7– संबधित नस्ती।

उप–कुलसचिव, अकादमी